U-132-R

B. A. (Part - III) Examination, 2021

(For Regular / Ex. Candidates)

हिन्दी साहित्य

Paper - I

(हिन्दी काव्य – 3)

(आधुनिक हिन्दी कविता)

Time allowed : **Three Hours**

Max. Marks : **100**

This question paper contains three sections as under :

Section-A **खण्ड-अ** **Max. Marks - 10**

This section contains one compulsory question with 10 parts. Answer of each part should not exceed 20 words. All questions carry equal marks.

इस खण्ड में एक अनिवार्य प्रश्न है जिसमें 10 भाग हैं । प्रत्येक भाग का उत्तर लगभग 20 शब्दों से अधिक न हों । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

Section-B **खण्ड-ब** **Max. Marks - 50**

This section contains 10 questions or explanations. Attempt 5 questions or explanations in all, selecting one question or explanation from each unit. Answer of each question or explanation should not exceed 250 words. All questions or explanations carry equal marks.

इस खण्ड में 10 प्रश्न अथवा व्याख्या है । प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न अथवा व्याख्या का चयन करते हुये कुल 05 प्रश्नों अथवा व्याख्याएं के उत्तर दीजिये । प्रत्येक प्रश्न अथवा व्याख्या का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो । सभी प्रश्नों अथवा व्याख्याएं के अंक समान है ।

Section-C **खण्ड-स** **Max. Marks - 40**

This section contains 04 questions (questions may have sub-divisions). This section will cover all units but not more than one question from each unit. Attempt 2 questions in all. Answer of each question should not exceed 500 words. All questions carry equal marks.

इस खण्ड में 04 प्रश्न हैं, प्रश्न के भाग हो सकते है । इस खण्ड में एक ईकाई से अधकितम एक प्रश्न होगा । कुल दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों से अधिक न हो । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

खण्ड – अ

1 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं :

(i) द्वापर का रचनाकाल बतायें ।

(ii) 'स्नेह निर्झर बह गया' कविता की मूल संवेदना क्या है ?

(iii) 'प्रथम रश्मि' कविता पंत के किस काव्य–संग्रह में संकलित है ?

(iv) 'सिंदूर तिलकित भाल' कविता का मूल उद्देश्य बतायें ।

(v) अज्ञेय का पूरा नाम लिखें ।

(vi) मुक्तिबोध की किस रचना को प्रतिबंधित किया गया था ?

(vii) मार्क्सवाद से प्रभावित किन्हीं दो उपन्यासकारों और उनकी एक–एक कृतियों के नाम बतायें ।

(viii) मनोविश्लेषणवाद से प्रभावित किन्हीं दो कहानीकारों के नाम बतायें ।

(ix) छायावाद का समय बतायें ।

(x) महावीर प्रसाद द्विवेदी जी ने किस पत्रिका का संपादन किया था ?

10

खण्ड – ब

इकाई - I

निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

2 अधिकारों के दुरुपयोग का
कौन कहाँ अधिकारी ?
कुछ भी स्वत्व नहीं रखती क्या
अर्द्धांगिनी तुम्हारी ?
मैं पुण्यार्थ जा रही थी, तुम
पाप देख बैठे हा ।
और आप अवसर के वट को
शाप लेख बैठे हा ।

10

अथवा

3 स्नेह निर्झर बह गया
रेत ज्यों तन रह गया
आम की यह डाल जो सूखी दिखी
कह रही है – अब यहाँ पिक या शिखी
नहीं आते, पंक्ति मैं वह हूँ लिखी
नहीं जिसका अर्थ –
जीवन दह गया ।

10

4 मेरा पग–पग संगीत भरा
श्वासों से स्वप्न–पराग झरा
नभ के नव रंग बुनते दुकूल
छाया में मलय–बयार पली ।
मैं क्षितिज भृकुटि पर घिर धूमिल ।
चिंता का भार बनी अविरल
रज–कण पर जल–कण हो बरसी,
नव जीवन–अंकुर बन निकली ।

10

अथवा

5 बहुत दिनों के बाद
अबकी मैंने जी भर देखी
पकी सुनहली फसलों की मुसकान
– बहुत दिनों के बाद
बहुत दिनों के बाद
अबकी मैं जी भर सुन पाया
धान कूटती किशोरियों की कोकिल कंठी तान
– बहुत दिनों के बाद

10

6 नदी, तुम बहती चलो
भूखंड से जो दाय हमको मिला है, मिलता रहा है
माँजती संस्कार देती चलो–
यदि कभी ऐसा हो
तुम्हारे आह्लाद से या
दूसरों के किसी स्वैराचार से अतिचार से
तुम बढ़ो, प्लावन तुम्हारा घरघराता उठे
यदि स्रोतस्विनी ही कर्मनाशा कीर्तिनाशा
घोर काल–प्रवाहिनी बन जाये
तो हमें स्वीकार है वह भी ।

10

अथवा

7 वह हँसता है – ऐसी हँसी कि दिल
दहल जाता है
कलेजा मुँह को आता है
और मैं हैरान हूँ
यहाँ आओ
मेरे पास आओ
मुझे छुओ ।
मुझे जियो । मेरे साथ चलो ।
मेरा यकीन करो । इस दलदल से
बाहर निकलो ।

10

इकाई - IV

8 भारतेंदुयुगीन काव्य–प्रवृत्तियों का उल्लेख करें । 10

अथवा

9 राष्ट्रीय–सांस्कृतिक काव्यधारा के कवियों के योगदान पर प्रकाश डालें । 10

इकाई - V

10 साहित्यिक मार्क्सवाद की मान्यताएँ बतायें । 10

अथवा

11 मनोविश्लेषण से आप क्या समझते हैं ? मनोविश्लेषणवाद का उपन्यास पर क्या प्रभाव पड़ा ? 10

खण्ड – स

12 पंत प्रकृति के सुकुमार कवि हैं । स्पष्ट करें । 20

13 निराला के काव्य की विशेषताओं का उल्लेख करें । 20

14 'ब्रह्मराक्षस' कविता के भावगत एवं शिल्पगत विशेषताओं पर प्रकाश डालें । 20

15 निम्नांकित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखें –

(क) अस्तित्ववाद

(ख) प्रगतिवाद

(ग) प्रतीक

(घ) मानववाद 20

———